तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 जून 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 गर्मी से पहले सूख गई मान नदी सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा पानी






### 5 .32 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# चिरमिरी को मिलेगी बेहतर सड़क व रोशनी की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र के लिए सोमवार का दिन विकास की नई उम्मीदें लेकर आया।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र में 5 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा सड़कों और बुनियादी सुविधाओं की मांग की जा रही थी, जिसे प्राथमिकता देते हुए इन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। भूमिपूजन कार्यक्रम के तहत हल्दीबाड़ी ,कालीबाड़ी से बड़ा बाजार तक जर्जर सड़क के नवीनीकरण कार्य के साथ गोदरीपारा से डोमनहिल तक गौरव पथ का निर्माण किया जाएगा। वहीं छोटा बाजार से रेलवे स्टेशन तक रिटेनिंग वॉल निर्माण, हल्दीबाड़ी से रेलवे स्टेशन तक सीसी रोड निर्माण, स्ट्रीट लाइट एवं हाईमास्ट लाइट लगाने जैसे कार्य भी शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद शहर मे आवागमन सुगम होगा और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी क्षेत्र की जनता और पार्षद लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ⏭ शेष पेज 4 पर



भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व अन्य।

## सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र सहित चार की मौत

**प्रतापपुर।** शनिवार का दिन करंजवार में सड़क दुर्घटनाओं का दिन रहा। एक ही दिन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र सहित चार लोगों की मौत हो गई। प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पलढा निवासी अमलेश (20 वर्ष) शनिवार को ग्राम सरहरी में गंगा दशहरा मेला देखने बाइक क्रमांक सीजी 15 ईके 5461 से दोस्तों के साथ गया था। शाम को युवक अकेले बाइक से वापस घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार करंजवार जंगल नाला के समीप पहुंचा तभी स्कूटी क्रमांक सीजी 29 एजे 1185 सवार से आमने सामने भिड़ंत हो गई जिससे स्कूटी सवार रामदेव की मौत पर ही मौत हो गई जबकि उसके पुत्र राजू व अमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी घायल राजू ने रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि अमलेश की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। शनिवार को ही ग्राम पड़िपा निवासी सुखलाल (45 वर्ष) खेत में लगी फसल में खाद डालकर बाइक से वापस लौट रहा था तभी करंजवार जंगल मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। अस्पताल जाते समय घायल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## नर्सिंग कॉलेज के प्रस्तावित स्थल का खिलाड़ियों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सरडी जूनापारा में खेल मैदान में प्रस्तावित नर्सिंग कालेज निर्माण को लेकर सोमवार को युवा खिलाड़ियों ने कलेक्टर से मुलाकात की और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी नाराजगी व्यक्त किए। खिलाड़ियों का कहना है कि पिछले 50 साल से यह ग्राउंड आसपास के खिलाड़ियों के लिए खेल का एकमात्र प्रमुख केन्द्र रहा है, जहां से अनेक खिलाड़ी हर साल निकलते हैं, इसके अलावा आसपास कोई खेल मैदान नहीं हैं, ऐसे में ग्रामवासियों के विरोध के बाद भी मुख्य मैदान में नर्सिंग कालेज और हॉस्टल बनाने के निर्णय पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उनकी मांग है कि उक्त कॉलेज पीछे जमीन में या अन्यत्र किसी सुलभ जगह में बनाया जाए। विरोध की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक भईयालाल राजवाड़े भी कलेक्ट्रेट पहुंच गए और खिलाड़ियों से बात कर अपनी समझाईश दी। वहीं गांव के कुछ अन्य लोगों का कहना है कि नर्सिंग कॉलेज सरडी में बनने से यहां का विकास होगा, इसलिए निर्माण कार्य होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सभी ग्राम पंचायतों में होगी 5 को विशेष ग्राम सभा

**बैकुण्ठपुर।** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना अंतर्गत उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग ने जानकारी दी है कि उक्त परीक्षा 26 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जानी थी। वर्तमान में आवंटित संस्थाओं के इम्पैनलमेंट एवं प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होने के कारण परीक्षा स्थगित की गई है।

### 26 जुलाई को प्रस्तावित लिखित परीक्षा टली

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। प्रवेश प्रक्रिया एवं आवंटित संस्थाओं के इम्पैनलमेंट कार्य में विलंब होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 26 जुलाई रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा अब निर्धारित तिथि पर आयोजित नहीं होगी। कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास एमसीबी द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को इस संबंध में सूचित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार का आवेदन जमा नहीं किया जाए। परीक्षा की नई तिथि एवं आगे की प्रक्रिया की जानकारी पृथक रूप से जारी की जाएगी।

### न्यू लाईफ बीएससी नर्सिंग का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित है। बीएससी नर्सिंग सातवां सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दिया गया है। इसमें न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग सातवां सेमेस्टर के छात्राओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। इसमें छात्रा अंजली यादव एवं शिलोचना ने 79 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए, रेशमी साहू 77.60 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सुनीता अहिरवार 76.80 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम ने महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है, छात्राओं ने परीक्षा परिणाम का श्रेय माता-पिता एवं संस्था के प्रबंधन एवं प्राचार्य तथा समस्त शिक्षकों को दिया।









### वनांचल में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**सोनहत।** विकासखंड सोनहत के ग्राम भैंसवार में सर्वजन कल्याण एवं जनसहयोग से पुरूषोत्तम मास के अवसर पर 28 मई से 5 जून तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन कथा व्यास श्री हेरंब कृष्ण दीक्षित सोनू महाराज द्वारा किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा, गौपूजन, हवन एवं भंडारे का कार्यक्रम भी रखा गया है। यह धार्मिक आयोजन ओमकारेश्वर वनस्थली भागवत कथा आयोजन भक्त संघ, केशरी नंदन परिवार तथा ग्राम के श्रद्धालुओं के सहयोग से संपन्न हो रहा है।

## एरोबिक्स-जुम्बा फिटनेस सेशन में उमड़ी भीड़

**मनेन्द्रगढ़।** स्वस्थ मनेन्द्रगढ़, प्रसन्न मनेन्द्रगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से 18 वीं बटालियन द्वारा आयोजित निःशुल्क एरोबिक्स एवं जुम्बा फिटनेस अभियान को शहरवासियों का लगातार उत्साहजनक समर्थन मिल रहा है।

- 400 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

रविवार को आयोजित विशेष फिटनेस सेशन में महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों सहित लगभग 350 से 400 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नदी पार स्थित पार्क में आयोजित कार्यक्रम 18 वीं बटालियन के कमांडेंट संजय शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पतंजलि योग समिति और स्थानीय नागरिकों केक सहयोग से आयोजित यह पहल लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, फिटनेस और तनावमुक्त जीवनशैली की ओर प्रेरित कर रही है। फिटनेस सत्र के दौरान प्रतिभागियों को एरोबिक्स और जुम्बा के विभिन्न स्टेप्स का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कमांडेंट श्री शर्मा ने बताया कि नियमित 60 मिनट के एरोबिक्स-जुम्बा अभ्यास से 340 से 500 कैलोरी तक बर्न की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ⏭ शेष पेज 4 पर



### राजीव गांधी पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** स्वशासी महाविद्यालय राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से प्रारंभ कर दी गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर प्रवेश संबंधी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने का आह्वान किया है। महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य, कंप्यूटर, विधि सहित विभिन्न विषयों में अध्ययन की व्यवस्था है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा कौशल विकास के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महाविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाएं, खेल सुविधाएं, डिजिटल शिक्षण संसाधन तथा अनुभवी प्राध्यापक उपलब्ध है।

## राजस्व निरीक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** बीते दिनों सरगुजा जिले के सीतापुर विधायक व उप तहसील राजापुर में पदस्थ नायब तहसीलदार के बीच हुई मारपीट एवं अभद्र व्यवहार करने के मामले की आंच प्रदेश समेत कोरिया जिले तक भी पहुंच गई।

छग राजस्व निरीक्षक संघ ईकाई कोरिया अध्यक्ष प्रकाश नारायण दुबे के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी सोमवार को कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव को ज्ञापन सौंपकर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो एवं उनके सहयोगियों को तत्काल गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 27 मई को उप तहसील राजापुर सरगुजा में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ सीतापुर विधायक एवं उनके कार्यकर्ताओं सहयोगियों द्वारा अपमानजक अभद्र व्यवहार किया गया साथ ही क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की उपस्थिति में नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ मारपीट की गई। घटना में संलिप्त आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग ज्ञापन सौंपकर की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि घटना में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई नहीं की जाती है तो प्रदेशभर के राजस्व निरीक्षक सामूहिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## मिनी स्टेडियम में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ




**बैकुण्ठपुर।** प्रेसिडेंट एंड वाइस प्रेसिडेंट कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों की काफी संख्या में उपस्थिति रही। आयोजन ने क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में नई पहल का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष आशीष यादव शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भोला शिवहरे,पार्षद धीरज शिवहरे, पार्षद लवी गुप्ता, दीपक सिंह, राजीव गुप्ता एवं गोलू सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।आयोजन को सफल बनाने में बीसीसी आयोजन समिति की अहम भूमिका रही। समिति के सदस्य नीरज शिवहरे, रवि गुप्ता, सलीम समद, ओपी यादव, पुनीत ताम्रकार, गुड्डू, मिराज अली, जानू शिवहरे, फिरोज खान, अमन होजाफा, विवेक कुमार, विपुल शुक्ला, मोनू अग्रवाल, जिमी एवं शकील अहमद ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं तथा खेल भावना को बढ़ावा देते हैं।

### कृषि ऋण आउटरीच कैंप 6 को

**बैकुण्ठपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 6 जून को संपूर्ण भारत में कृषि ऋण आउटरीच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के अग्रणी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सभी पांच शाखाओं में कृषि ऋण आउटरीच कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप के दौरान कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं संवितरण की कार्रवाई की जाएगी। इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए ऋण, पशुपालन ऋण, मत्स्यपालन ऋण, गव्य विकास ऋण, मुर्गीपालन, ग्रामीण भंडारण, फूड प्रोसेसिंग, पी एम एफ एम ई, वेयरहाउस, राइस मिल, एग्री क्लिनिक एवं एग्री बिजनेस सहित अन्य कृषि योजनाएं शामिल हैं। कृषि कार्यों में संलग्न किसानों, कृषि उद्यमियों तथा ग्रामीण क्षेत्र के सभी व्यवसायी अपनी आवश्यकता अनुसार कृषि ऋण के लिए आवेदन पत्र सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की निकटतम शाखा में जमा करें तथा कृषि ऋण आउटरीच कैंप का अधिकतम लाभ उठाएं। उक्त जानकारी अग्रणी जिला प्रबंधक एलडीएम, कोरिया शशि भूषण पाठक द्वारा प्रदान की गई।

## 281 पंचायतों में जनगणना के पहले चरण का कार्य पूर्ण

**द्वितीय चरण जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 तक संपादित होगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत की जनगणना 2027 का कार्य जिले में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है। प्रथम चरण यथा मकानसूचीकरण एवं मकानों के गणना का फील्ड कार्य तिथि 1 मई से प्रारंभ होकर 30 मई को सफलतापूर्वक संपादित किया गया। द्वितीय चरण जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा।

प्रथम चरण मकान सूचीकरण का कार्य द्वितीय चरण जनसंख्या गणना कार्य के लिए एक फ्रेम प्रदान करती है, जिससे कि द्वितीय चरण जनसंख्या गणना कार्य के दौरान कोई भी मकान एवं उसमें रहने वाले परिवार गणना से न छूटे। प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य जिले के समस्त तहसीलों एवं नगरीय क्षेत्रों में कुशलता एवं शांतिपूर्वक संपादित किया गया। इस दौरान जिले के सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्न जो कि मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाएं तथा परिसंपत्ति से संबंधित थी, की जानकारी मोबाइल एप्प के माध्यम से संकलित की गई। अब यह जानकारी भारत सरकार के सर्वर में सुरक्षित रख ली गई है। इस चरण में जिले के समस्त क्षेत्रों को पूर्ण रूप से कवर किया गया एवं कोई भी क्षेत्र गणना कार्य से नहीं छूटा है। जानकारी प्राप्त करने में जिले के निवासियों का अभूतपूर्व सहयोग रहा है। कोरिया जिले के तहसील सोनहत में स्थित गुरू घासीदास नेशनल पार्क, जो कि पूर्णतः वनाच्छादित क्षेत्र है, इस क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों में भी प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर जानकारी समय-सीमा में प्राप्त कर कुशलतापूर्वक कार्य संपादित किया गया। कोरिया जिले के आम नागरिकों के द्वारा जनगणना से संबंधित जो भी व्यक्तिगत जानकारी दी गई है, वह जनगणना अधिनियम 1948 तथा जनगणना नियमावली 1990 के प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। संकलित किए गए इन ऑकड़ों का उपयोग केवल नीति निर्माण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाएगा एवं भारत सरकार के द्वारा संपूर्ण जनगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात यथोचित समय पर इन ऑकड़ों को जारी किया जाएगा। जिले में जनगणना 2027 प्रथम चरण का कार्य 3 नगरीय निकाय एवं 4 तहसीलों के अंतर्गत 281 ग्रामों में संपादित किया गया है। इस कार्य को संपादित करने के लिए जिले में 4 ग्रामीण चार्ज एवं 3 नगरीय चार्ज तथा इन चार्जों के अंतर्गत 551 मकानसूचीकरण गणना ब्लॉक बनाए गए थे। जिले में इस कार्य के लिए राज्य, जिला द्वारा जिला-खंड स्तर के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी, नोडल अधिकारी जनगणना, अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी जनगणना व जिला स्तर के अधिकारी, 7 चार्ज अधिकारी तहसीलदार/मुख्य नगरपालिका अधिकारी, 2 मास्टर ट्रेनर्स, 12 फील्ड टेनर्स, 490 प्रगणक एवं 87 सुपरवाईजर शामिल रहे।

### 33 घंटे बाद भी नहीं मिला युवक का शव

**राजपुर।** गागर नदी पुल से लगभग 50 मीटर नीचे स्थित हुक्का दह में डूबे 22 वर्षीय युवक का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। शनिवार सुबह हुई इस घटना के बाद से पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है लेकिन लगभग 33 घंटे बाद भी युवक का पता नहीं चल सका। रविवार की देर शाम सात बजे तक अभियान जारी रहा लेकिन टीम को सफलता नहीं मिल पाई। जानकारी के अनुसार ग्राम डकवा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शनिवार सुबह करीब 10 बजे लगभग 10 युवक गागर नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान बरियों उरांवपारा निवासी 22 वर्षीय फुलसाय लकड़ा आ. सुरेंद्र लकड़ा नदी के गहरे हिस्से में पहुंच गया और अचानक डूबने लगा। साथ मौजूद युवकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी। युवक की तलाश के लिए बलरामपुर से गोताखोरों की टीम बुलाई गई, जिसने लगातार दो दिनों तक नदी में सर्च अभियान चलाया। रविवार को राजपुर एसडीएम एवं थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और गोताखोरों के साथ नदी के विभिन्न हिस्सों में खोजबीन कराई। पुलिस ने सछोटे महाजाल का उपयोग कर भी तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

### खाद-भंडारण के संबंध में अधिकारियों से किए गए सवाल-जवाब

# लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा पर हो निराकरणः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों, उपलब्धियों तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत राजस्व, वन, आदिम जाति विकास तथा पंचायत विभाग में लंबित प्रकरणों की समीक्षा से हुई।

कलेक्टर ने कहा कि लंबे समय तक प्रकरणों का निराकरण न होना अत्यंत गंभीर विषय है। प्रत्येक कार्य के लिए समय-सीमा निर्धारित है और यदि कोई विभागीय अधिकारी लंबे समय तक प्रकरणों का निराकरण नहीं करता है तो उसकी जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने एसडीएम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास, एसडीओ वन सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे प्रत्येक मामले की पूरी जानकारी रखें, जिसमें प्रकरण का विषय, लंबित रहने की अवधि, प्रस्तुत जवाब-दावा तथा न्यायालय के निर्देश शामिल हों। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए समय पर जवाब-दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी से कहा कि खेती-किसानी का समय आ रहा है, ऐसे में किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध हो, समितियों में कर्मचारी उपस्थित रहें ताकि किसानों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। साथ ही किसानों को दलहन, तिलहन खेती को अपनाने के लिए प्रेरित करने की बात कही। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में अधिकांश आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुए हैं। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों का त्वरित निराकरण किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा प्राप्त आवेदनों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण व तेजी से करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग के अधिकारी को पेयजल समस्याओं का त्वरित निराकरण करने तथा खराब हैंडपंपों की मरम्मत में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों से भी खराब हैंडपंपों की जानकारी नियमित रूप से प्राप्त करने को कहा। बैठक के दौरान कुछ अधिकारियों द्वारा ⏭ शेष पेज 4 पर




## मोर गांव मोर पानी महाभियान, 140 से अधिक श्रमिकों को प्रतिदिन मिल रहा काम



**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ किए गए मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत कोरिया जिले में जल संरक्षण और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में वनांचल क्षेत्र के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत मेण्ड्रा में मनरेगा के तहत नवा तरिया निर्माण कार्य तेजी से जारी है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में संचालित इस कार्य को आगामी 15 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों के नेतृत्व में गांव के पंजीकृत श्रमिक पूरी सक्रियता के साथ निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नवा तरिया निर्माण कार्य का चयन ग्रामसभा की सहमति से किया गया है। भूमिपूजन के बाद से ही ⏭ शेष पेज 4 पर

